
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, बुधवार, 11 मार्च 2026

सुविचार



वक्त बहुत कम है यदि हमें कुछ करना है तो अभी से शुरुआत कर देनी चाहिए।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**


- सीताकुंड तालाब में डूबने से पिकअप चालक की मौत II
- लखनऊ पुस्तक मेला 13 से, लगाए जाएंगे 60 स्टॉल III
- संविदा पदों के लिए लिखित परीक्षा दो पालियों में संपन्न IV




**रमजान का 21वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| सुन्नी: 4:59 | सुन्नी: 6:15 |
| शिया: 4:49 | शिया: 6:24 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- डीएवी डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन- 11 :00 बजे से।
- फैजुल्लागंज में गो प्रतिष्ठा आंदोलन के समर्थ में एकत्र होंगी महिलाएं- 2 :30 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।



## धुंध से बढ़ा कौतूहल, होगी बारिश

अमृत विचार, लखनऊ : शहर में सोमवार की सुबह घनी धुंध छाई रही। इससे लोगों में कौतूहल बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार ऐसा वायुमंडलीय स्थिरता के कारण हुआ है। अभी कई दिन ऐसी धुंध छाई रहेगी, लेकिन तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा। 4-5 दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। अत्यधिक गर्मी के बाद 15 से हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार धुंध का कारण निचले क्षोभमंडल में पूर्वी भारत के दक्षिणी झारखण्ड के आस-पास संकेन्द्रित चक्रवाती परिसंचरण से पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक विस्तृत द्रोणी के प्रभाव से प्रदेश के निचले क्षोभमंडल में आ रही आर्द्र पुरवा हवाओं में नमी की प्रचुरता के कारण प्रदेश में सुबह के समय कोहरे के साथ-साथ दिन में भी धुंध की स्थितियां बन रही हैं। आगामी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 15 मार्च से प्रदेश के तराई इलाकों के साथ-साथ पूर्वांचल के कुछ भागों में इस सीजन में पहली बार बारिश होने के साथ-साथ तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना है।

# कामर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप, घरेलू की गड़बड़ाई

### गैस एजेंसियों के स्टॉक के सत्यापन को जिलाधिकारी ने बनाई अधिकारियों की टीम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** ईरान-इजराइल युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थ और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने का असर शहर में रसोई गैस आपूर्ति पर पड़ने लगा है। कामर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति गड़बड़ा गई है, जबकि घरेलू रसोई गैस की बुकिंग के लिए भी लोग परेशान हो रहे हैं। कामर्शियल गैस सिलेंडरों की समस्या को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी और एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति से भी मुलाकात भी की। उधर बढ़ते संकट को देखते हुए जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है। जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों के स्टॉक के सत्यापन के लिए टीम भी बना दी है।

पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच रसोई गैस की बुकिंग की समयावधि कम से कम 25 दिन करने के कारण भी उपभोक्ता आशंकित हैं। आशंकाओं के चलते गैस एजेंसियों पर बुकिंग कराने और सिलेंडर लेने वालों की भीड़ बढ़ गई है। कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि होली से पहले गैस सिलेंडर की बुकिंग की थी, अभी तक क्लियर नहीं हुई है। दोबारा बुकिंग भी नहीं हो रही है। कई उपभोक्ताओं का कहना था कि गैस एजेंसी संचालकों और वहां के कर्मचारी गैस सिलेंडर कब तक मिलेगा, ये भी स्पष्ट नहीं बता रहे हैं।

इंडेन कंपनी की स्मृति गैस एजेंसी के मैनेजर विक्की का कहना था कि एजेंसी को कंपनी से कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी होने से ठेलों आदि पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जाने लगा है। सूत्रों के अनुसार 1900 रुपये का कॉमर्शियल सिलेंडर 4400 रुपये में बिक रहा है। एकाएक मांग बढ़ने से 950 रुपये घरेलू गैस सिलेंडर भी ब्लैक में 1500 रुपये में बेचा जा रहा है।



चाय के ठेले पर गैस चूल्हे में लगा घरेलू गैस सिलेंडर। अमृत विचार

### कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

गैस की आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी विशाख जी ने शिविर कार्यालय में मंगलवार को तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने एलपीजी गैस सिलेंडरों के उपलब्ध स्टॉक, प्रतिदिन रिफिलिंग क्षमता तथा वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों में उपलब्ध स्टॉक के सत्यापन के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक तथा ऑयल कंपनी के प्रतिनिधि की संयुक्त टीम गठित की। अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय की टीम ने तेलीबाग इंडेन गैस एजेंसी व सूरज इंडेन गैस एजेंसी आलमबाग, अपर नगर मजिस्ट्रेट 6 ने महासग़न गैस एजेंसी और राजाजीपुरम गैस एजेंसी का एवं अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम ने स्मृति गैस एजेंसी हजरतगंज और सहकारी गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया।

### तनाव न लें, जल्द सामान्य हो जाएगी आपूर्ति

ऑल इंडिया एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन के अध्यक्ष जगदीश राज ने कहा कि उपभोक्ताओं को तनाव लेने की जरूरत नहीं है, घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति जल्द सामान्य हो जाएगी। ईद और नवरात्र को देखते हुए सोमवार से गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने वालों की संख्या अचानक बढ़ गई है। उधर, होली के त्योहार पर कर्मचारियों के छुट्टी पर चले जाने से आपूर्ति न हो पाने से बैकलॉग भी बढ़ गया था।

### व्यावसायिक गैस सिलेंडर के लिए जिलाधिकारी से मिले व्यापारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की अगुवाई में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विशाख जी से मिला। व्यापारियों ने व्यवसायिक गैस सिलेंडर न मिलने से मिलकर मिठाई, कैटरिंग, रेस्टोरेंट, होटल कारोबार में आने वाले दिक्कतें बताईं। इसके बाद अपर जिलाधिकारी खाद्य एवं आपूर्ति ज्योति गौतम को ज्ञापन सौंप कर सिलेंडर उपलब्ध कराने की अपील की। एडीएम ने कहा कि इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं भारत पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों से बात करके शीघ्र ही उचित समाधान निकाला जाएगा। एडीएम ने कहा कि व्यवसायिक सिलेंडर में थोड़ा सबको संयम बरतना होगा। फूड सेक्टर को सप्लाई में प्राथमिकता देने का प्रयास है। घरेलू गैस सिलेंडर में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। अपर जिला अधिकारी ने कहा कि, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के दिशा-निर्देश के अनुसार व्यवसायिक गैस से संबंधित कुछ गाइडलाइन हैं जिसके अंतर्गत प्रशासन कार्य कर रहा है। वैश्विक कारणों से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, राजेश गुप्ता, मो.आदिल आदि शामिल रहे।



एडीएम आपूर्ति को ज्ञापन देते व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता व अन्य।

## दो दिवसीय दौरे पर कल शहर आएंगे रक्षामंत्री राजनाथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो दिवसीय दौरे पर 12 को लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षामंत्री 12 मार्च को शाम 8:00 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। रात 8:30 बजे पारिवारिक वैवाहिक समारोह में सम्मिलित होंगे। 13 मार्च को 11:30 बजे सिटी मोंटेसरी स्कूल की गोल्फ सिटी शाखा के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहां से राजाजीपुरम में विधायक योगेश शुक्ला के आवास और पूर्व एमएलसी स्वर्गीय विंध्यवासिनी कुमार के आवास जाएंगे। शाम 4:30 बजे समतामूलक चौराहे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे।

## 13 को ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे रक्षामंत्री

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण के लिए रक्षामंत्री से समय मिल गया है। 13 मार्च को शाम 4 बजे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समतामूलक चौक पर कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक आवागमन शुरू हो जाएगा। लोकार्पण के बाद झूलेलाल वाटिका में जनसभा होगी। जिसमें 10 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। रक्षामंत्री विवेक खंड में लक्ष्मण मंडपम् का भी उद्घाटन करेंगे। उधर, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को ग्रीन कॉरिडोर के फेज-3 का निरीक्षण करके प्रगति देखी। पिपराघाट से शहीद पथ के बीच चल रहे काम में और तेजी लाने के निर्देश दिए। लगभग पांच किमी लेन बनने से अयोध्या रोड, कानपुर रोड के साथ किसान पथ जाना आसान हो जाएगा। उधर, बीरबल साहनी मार्ग के पास बने ग्रीन कॉरिडोर के एक तरफ लेन के नीचे मिट्टी धंसने की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल वायरल हो गई। इसका संज्ञान लेकर अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा अभियंताओं की टीम के साथ पहुंचे। उन्हें कॉरिडोर के नीचे की तरफ बैरियर लगाकर मिट्टी पाटने का काम चलता मिला। अपर सचिव ने बताया कि मिट्टी धंसने की बात गलत है। सुरक्षा के लिहाज से लेन के किनारे क्रैश बैरियर लगाए जा रहे हैं। क्रैश बैरियर राजमार्ग और खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षात्मक रेलिंग होती है। इससे हादसे के दौरान वाहन नीचे नहीं गिरते हैं।

## कार्यदायी संस्था का भुगतान न करने पर नगर आयुक्त कार्यालय की कुर्की करने पहुंची टीम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शेल्टर होम संचालन का भुगतान गंगा संस्थान को न करने के मामले में मंगलवार को कोर्ट के आदेश पर पहुंची टीम ने नगर आयुक्त कार्यालय की कुर्की शुरू कर दी। मेज, कुर्सियां और इन्वर्टर बाहर निकाल लिया गया। इसी बीच नगर आयुक्त गौरव कुमार ने टीम को जानकारी दी कि ये वाद न्यायालय में विचाराधीन है। 13 मार्च को कोर्ट में इस आदेश के खिलाफ सुनवाई होनी है। इसके बाद टीम लौट गई।

गंगा संस्थान और नगर निगम के अधीन डूडा में विवाद चल रहा था। संस्थान के अधिवक्ता विवेक मिश्रा ने बताया कि गंगा संस्थान फर्म कैसरबाग में शेल्टर होम चला रही थी। सितंबर 2019 में नगर निगम ने संस्था का रिन्यूवल खत्म कर दिया, लेकिन जानकारी दिसंबर में दी। भुगतान भी नहीं किया। इस पर फार्म ने सिविल कोर्ट में वाद दायर किया था। कोर्ट ने नगर निगम को 2,17,000 रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है। 6 प्रतिशत की दर से करीब 1.5 वर्ष का ब्याज जोड़कर भुगतान का आदेश है। भुगतान न करने पर कोर्ट ने कुर्की करने का आदेश दिया है।

दोपहर करीब 2.30 बजे हजरतगंज कोतवाली पुलिस के साथ अमीन और गंगा संस्थान व अन्य नगर निगम पहुंचे। अधिकारियों से बातचीत की, लेकिन सही जवाब नहीं मिला। टीम ने टेबल, कुर्सी, सोफा और इनवर्टर नगर आयुक्त के कार्यालय से बाहर निकाल दिया। पुलिसकर्मी कार्यालय से थोड़ी दूर चले गए, जिस पर वकीलों और पुलिस में तकरार भी हुई। अधिकारियों के आश्वासन और फोन आने पर टीम करीब 4 बजे लौट गई। नगर आयुक्त कार्यालय से निकाला गया सामान कर्मचारियों ने अंदर रख दिया। 2 सप्ताह बाद टीम ने डेट लगाने का आश्वासन दिया।



कार्यालय से टेबल निकालती टीम।

### अपर नगर आयुक्त की लापरवाही आई सामने

चौकी पुलिस ने सोमवार को अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को कुर्की संबंधी सूचना दे दी थी। किंतु उन्होंने इसकी सूचना नगर आयुक्त और विधि विभाग को नहीं दी गई। इस लापरवाही को लेकर अपर नगर आयुक्त से जवाब मांगा गया है। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने कहा कि डूडा से कार्यदाई संस्था ने शेल्टर होम का काम किया था। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। 13 मार्च को कोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई होनी है।

**सिटी ब्रीफ**

### आज भी खुलेंगे जोनल कार्यालय व कैश काउंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गृहकर वसूली में तेजी लाने के लिए नगर निगम बुधवार को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी जोनल कार्यालय और कैश काउंटर खोलेगा। भवन स्वामी बकाया गृहकर जमा करने के साथ कर निर्धारण, फीडिंग तथा अन्य संबंधित कार्य करा सकते हैं।

### 54 केंद्रों पर होगी उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में 54 केंद्रों पर 14 व 15 मार्च को लोक सेवा आयोग की उप निरीक्षक पद के लिए पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। परीक्षा में प्रत्येक पाली में लगभग 22080 अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। परीक्षा का नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ज्योति गौतम को बनाया गया है। परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

### 25 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के 28 फरवरी को हुए सेवानिवृत्त 25 कर्मचारियों को नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हॉल में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी गई। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन बुक तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित आवश्यक दस्तावेज सौंपे और उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। समारोह में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार एवं डॉ. अरविंद कुमार राव, चीफ फाइनेंस ऑफिसर महामिलिंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीके श्रीवास्तव, चीफ इंजीनियर मनोज प्रभात सहित कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**जागरूक किया**

नवयुग कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किया गया कार्यक्रम

# लंबे समय गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन, बार-बार गर्भपात सर्वाइकल कैंसर का कारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चौथे दिन ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान पर महिलाओं में बढ़ते ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर विषयों पर दो सत्रों में व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर लगे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ ही स्थानीय नागरिकों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया गया।

प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के मार्गदर्शन में हुए आयोजन के पहले पत्र में महिलाओं में बढ़ते ब्रेस्ट कैंसर विषय पर व्याख्यान में स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन की नैंसी सिंह ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर लाइलाज नहीं है, समय रहते स्वयं परीक्षण और जागरूकता की जरूरत है। द्वितीय सत्र में सर्वाइकल कैंसर विषय पर व्याख्यान में एल्डा फाउंडेशन की चेयरमैन डॉ. पूजा शाहीन ने सर्वाइकल कैंसर के कारणों और बचाव के बारे में बताया। उन्होंने मेंस्ट्रुअल हाइजीन के पालन, बिना डॉक्टरी सलाह किसी भी क्रीम या साबुन का उपयोग न करने और पुराने अंतःवस्त्र हर छह महीने में बदलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बार-बार गर्भपात, लंबे समय तक गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन और मल्टीपल पार्टनर्स सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण हैं। छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन, सर्वाइकल स्क्रीनिंग और एचपीवी डीएनए जांच के महत्व को भी बताया। डिजिटल सुरक्षा पर आयोजित इंटरएक्टिव सत्र में 'वेरिफाई यू' के कौशिक साहनी और राहुल चंदानी ने 'सेफ्टी ऐप' के उपयोग और उसके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ऐप दुर्घटना के समय महिलाओं, बच्चों और जरूरतमंद लोगों तक तुरंत सहायता पहुंचाने में सहायक हो सकता है। शिविर के अंतिम चरण में पीडीलाइट संस्था की मंजू प्रकाश ने छात्राओं के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की, जिसमें ग्लास पेंटिंग, ग्लास कलर टेक्सचर और लिक्विड एम्ब्रॉयडरी का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. श्वेता उपाध्याय धर, डॉ. मनीषा बड़ौनियां, डॉ. चंदन मौर्या और दीक्षा सहित अन्य मौजूद रहे।





कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञ।

## केजीएमयू में भर्ती मरीजों को अब बेड पर मिलेंगी दवाएं

- स्टाफ एचआरएफ को भेजेगा दवाओं का आर्डर
- मेडि मित्र वार्ड में भर्ती मरीज के बेड तक पहुंचाएंगे दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में भर्ती मरीजों के तीमारदारों को सस्ती दवा के लिए हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) काउंटर के बाहर लाइन में नहीं लगना पड़ेगी। इन मरीजों को उनके बेड पर ही दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि भर्ती मरीजों के तीमारदारों को दवा के लिए एचआरएफ काउंटर पर कतार लगानी पड़ती थी। समय अधिक लगने से मरीजों के इलाज पर असर पड़ता था। नई व्यवस्था के तहत वार्ड में डॉक्टर के निर्देश पर स्टाफ प्रत्येक मरीज की दवाओं का ऑनलाइन ऑर्डर एचआरएफ को भेजेगा। वहां से मरीज के नाम से दवा का पैकेट तैयार किया जाएगा। इसके बाद मेडि मित्र वार्ड में जाकर मरीज के बेड पर दवाएं पहुंचाएंगे। भुगतान मरीज के खाते से किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि एचआरएफ से सस्ती दवाओं की बिक्री लगातार बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 111 करोड़ रुपये की दवाएं बिकी थीं जबकि 2024-25 में 185 करोड़ रुपये और 2025-26 में 256 करोड़ रुपये की दवाएं बिकीं। दो वर्षों में करीब 125 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस समय हर महीने लगभग 25 करोड़ रुपये की दवाएं बिक रही हैं। पहले ये आंकड़ा आठ से नौ करोड़ रुपये प्रति माह का था।

कुलपति ने बताया कि पहले एचआरएफ में 20 से 30 प्रतिशत दवाएं ही थीं, अब 80 प्रतिशत तक दवाएं उपलब्ध हैं। विभागों की जरूरत के अनुसार काउंटरों पर दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नेत्र रोग विभाग में तीन से पांच प्रकार के लेंस भी उपलब्ध कराए गए हैं। रोजाना करीब 4100 ओपीडी मरीज एचआरएफ से सस्ती दवाएं खरीद रहे हैं। बाजार की तुलना में 30 से 70 प्रतिशत तक दवाएं सस्ती मिल रही हैं। प्रेस वार्ता में एचआरएफ प्रमुख डॉ. कुमार शांतनु और डॉ. अमिय अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## लखनऊ से रांची समेत कई शहरों के लिए 14 मार्च से नई ट्रेन

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री के 14 मार्च को प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान रेलवे देशभर में कई नई परियोजनाओं की सौगात देने जा रहा है। इसी क्रम में पुरुलिया से आनंद विहार (दिल्ली) के बीच नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की जायेगी, जिससे लखनऊ के यात्रियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। यह ट्रेन पुरुलिया से शुरू होकर रामगढ़, रांची, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, रोहतास, कैमूर, चंदौली, वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद होते हुए आनंद विहार पहुंचेगी। इस ट्रेन के शुरू होने से पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश के यात्रियों को दिल्ली तक सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। अब तक लखनऊ से रांची जाने के लिए यात्रियों को सीधे ट्रेन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

सिटी ब्रीफ

## यात्री के बैग से जिंदा कारतूस बरामद

अमृत विचार, सरोजनीनगर : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर एक यात्री के बैग से मंगलवार को एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। सीआईएसएफ ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ करने के बाद सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीलीभीत निवासी दीपांकर जायसवाल मंगलवार सुबह 9:20 बजे लखनऊ से रायपुर जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6521) से भुवनेश्वर जा रहे थे। दीपंकर लखनऊ एयरपोर्ट पर बोर्डिंग के लिए पहुंचे तो सुरक्षा जांच के दौरान उनके बैग में 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस पर सीआईएसएफ ने दीपांकर को अलग कर उनसे कारतूस के बारे में पूछताछ करते हुए शस्त्र लाइसेंस मांगा तो वह मौके पर लाइसेंस नहीं दिखा सके। इसके बाद सीआईएसएफ ने दीपांकर को सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस ने बरामद कारतूस कब्जे मिले लिया और यात्री दीपांकर को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

# सीताकुंड तालाब में डूबने से पिकअप चालक की मौत

## नहाने के दौरान हुआ हादसा, आधे घंटे की तलाश के बाद ढूंढ निकाला

संवाददाता, काकोरी


बुद्धेश्वर के इसी सीताकुंड तालाब में नहाने के दौरान हुआ हादसा (इनसेट) मृतक रघुनंदन रावत। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पारा के बुद्धेश्वर मंदिर स्थित सीताकुंड में मंगलवार शाम नहाते वक्त युवक गहरे पानी में चला गया। युवक को डूबता हुआ देखकर लोग कुंड में कूदे। तब तक युवक गहरे पानी में चला गया। लोगों ने किसी तरह युवक को पानी से बाहर निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

भपटामऊ निवासी शिवनंदन रावत ने बताया कि बड़ा भाई रघुनंदन रावत (30) पिकअप चालक था। वह रोजाना की तरह मंगलवार शाम को घर से कुछ दूर बने बुद्धेश्वर मंदिर के सीताकुंड तालाब में दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान उसने तालाब में बने शिव मूर्ति की मचान पर चढ़कर पानी में छलांग लगा दी। जिससे वह गहरे पानी में चला गया। रघुनंदन को डूबता हुआ देखकर लोग उसे बचाने के लिए दौड़े। इस दौरान कुछ लोगों ने तालाब में छलांग लगाई। लेकिन तब तक वह गहरे पानी में समा गया।

करीब आधे घंटे की तलाश के बाद लोगों ने रघुनंदन को तालाब से बाहर निकाला। इस बीच किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर युवक के डूबने की जानकारी दी। सूचना पाकर पारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से रघुनंदन को अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने रघुनंदन को मृत घोषित कर दिया।

### तैराक होने के बाद भी डूबा रघुनंदन

- ग्रामीणों ने बताया कि रघुनंदन एक कुशल तैराक था। इसके बावजूद भी उसकी मौत तालाब में डूबने से हुई। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब से बाहर निकालते समय रघुनंदन की सास चल रही थी। अस्पताल में मौत की पुष्टि होने पर परिजन शव को लेकर वापस घर चले आए। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व पार्षद तारा चन्द्र रावत व व्यापार मंडल अध्यक्ष पिंटू गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।

## पड़ोसी ने की तोड़फोड़, दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार, आलमबाग:** कृष्णानगर इलाके में महिला ने पड़ोसी परिवार पर घर में घुसकर तोड़फोड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मूल रूप से अलीनगर सुनहरा निवासी शिवाली यादव ने बताया कि वह वर्तमान में कृष्ण विहार कॉलोनी नई बाजार में रहती हैं। आरोप है कि 1 मार्च को वह अपने अलीनगर सुनहरा स्थित घर पर थीं, तभी पड़ोस में रहने वाली अल्पना अग्निहोत्री अपने पति, मां, भाई और बहन के साथ उनके घर में घुसने का प्रयास करते हुए पत्थर चलाते हुए तोड़फोड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट कर पिता-पुत्री को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आये दिन यह इसी तरह मारपीट किया करते हैं। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# होटल में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- नहीं मिला सुसाइड नोट, 7 मार्च से ठहरा था रूम नंबर-103 में
- बिहार के सीतामढ़ी मेथौरा गांव का रहने वाला था युवक
- पुलिस ने परिजन को दी सूचना

**अमृत विचार:** चारबाग स्टेशन के सामने स्थित आर्शीवाद होटल में ठहरे युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरा न खुलने पर होटल के स्टॉफ ने पुलिस को जानकारी दी। नाका पुलिस ने होटल कर्मियों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा। भीतर युवक लटका हुआ मिला। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मृतक के मोबाइल व आधार कार्ड की मदद से परिजन को सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी मेथौरा बिशनपुर डुमरा अवनीश कुमार झा (28) 7 मार्च को होटल पहुंचा। स्टॉफ ने आधार कार्ड लेकर उसे रूम नंबर-103 दिया था। 8 मार्च की शाम को अवनीश की स्टॉफ से बात हुई थी। होटल स्टॉफ ने बताया कि सोमवार देर रात किराया लेने के लिए कमरे पर गए। दरवाजा खटखटाया, आवाज दी लेकिन अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। जवाब न मिलने पर होटल के स्टॉफ ने नाका पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने खटखटाया। कोई हलचल नहीं मिलने पर होटल कर्मियों के साथ मिलकर कमरे का दरवाजा तोड़ा। कमरे के अंदर जाकर देखा कि अवनीश पंखे में बंधे गमछे के फंदे से लटक रहा था। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली। लेकिन उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल पर जांच की। पुलिस को मृतक के पास से मिले आधार कार्ड और मोबाइल फोन से परिजन को घटना की जानकारी दी। नाका इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि मृतक के बहनोई से फोन पर बातचीत हुई है। परिजन के आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम होगा।

### शादी समारोह से लौटे युवक ने फंदा लगाकर दी जान

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना स्थित शारदा नगर में युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शारदा नगर रुचि खंड प्रथम में मंगलवार सुबह शुभम शुक्ला (31) कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। आनन फानन में परिजन बेटे को फंदे से उतार लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने शुभम को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन में पता चला कि शुभम परिवार में इकलौता बेटा था। एक माह पूर्व उसने अंशिका मिश्रा से प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद से माता-पिता शुभम से नाखुश चल रहे थे। सोमवार की रात शुभम समेत पूरा परिवार अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गए थे। देर रात वापस घर लौटे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# किराएदार ने पुत्रों के नाम किया जाली बैनामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मकान हड़पने के लिए चली चाल नए बिजली कनेक्शन के लिए किया आवेदन, हुआ निरस्त
- सतखंडा चौकी पर समझौते के बाद आरोपी मुकरा, दी वृद्धा को धमकी
- पुलिस आयुक्त के आदेश पर ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज




**अमृत विचार :** शीशमहल स्थित मकान हड़पने के लिए किराएदार द्वारा फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। वृद्धा द्वारा मकान खाली करने का अनुरोध करने पर आरोपी ने पहले समय मांगा, फिर समझौते के बाद मुकरकर धमकी दी। इतना ही नहीं, उसने अपने बेटों के नाम पर जाली बैनामा कर नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर दिया। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने पिता-पुत्रों समेत छह नामजद और दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

71 वर्षीय आलम तकी ने बताया कि शीशमहल स्थित मकान उनकी ससुराल का है। उनके ससुर मिर्जा मोहम्मद अली हुसैन खान का नाम नगर निगम में वर्ष 1982 से पहले दर्ज था और मकान का गृहकर भी वही जमा करते थे। वर्ष 1974 में ससुर के निधन के बाद उनके पति तकी हसन खान का नाम सितंबर 1982 में दर्ज हो गया। 4 मई 2021 को पति के निधन के बाद से आलम तकी अपने नाम से गृहकर जमा कर रही हैं। इसी मकान के नीचे वाले हिस्से में नुरुल हसन बतौर किराएदार रह रहा है।

पीड़िता के अनुसार सीढ़ी चढ़ने में परेशानी के कारण उन्होंने किराएदार से मकान खाली करने का अनुरोध किया। इस पर आरोपी ने पहले टालमटोल की और बाद में एक साल का समय मांगकर मकान खाली करने की बात कही। तय समय बीतने के बाद जब पीड़िता ने दोबारा मकान खाली करने को कहा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकाया। इसके बाद पीड़िता ने 7 अगस्त 2025 को सीएम पोर्टल, पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी और संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई।

मामले में 10 सितंबर को सतखंडा चौकी पर समझौता हुआ, जिसमें नुरुल हसन ने छह माह में मकान खाली करने का आश्वासन दिया। लेकिन तय समय बीतने के बाद वह अपने वादे से मुकर गया। छानबीन में पता चला कि नुरुल हसन ने बिजली विभाग में नए कनेक्शन के लिए आवेदन किया, जिसे विभाग ने निरस्त कर दिया। इसके बाद उसने अपने बेटों अंसारूल हसन और ऐनुल हसन के नाम मकान के हिस्से का 22 दिसंबर 2025 को रजिस्टर्ड दान पत्र कर दिया। इसमें एस. मोहम्मद आदिल और मोहम्मद सोहेल अजमत गवाह बने। दोबारा बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन भी निरस्त हो गया। फर्जीवाड़े की जानकारी होने पर पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अधिवक्ता समेत दो के खाते से उड़ाए 5.30 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊमें साइबर जालसाज लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। जालसाजों ने अधिवक्ता समेत दो के खाते से 5.30 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगा तो कहीं मोबाइल चोरी कर खाते से रुपये निकाले। साइबर ठगी के यह मामले हसनगंज और पारा थाने के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

बाजारखाला के पुराना हैदरगंज निवासी अधिवक्ता आनंद प्रकाश अवस्थी ने बताया कि 1 मार्च की रात डालीगंज में सामान खरीदने गया था। इस दौरान उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। इसी दौरान जालसाजों ने उनके भारतीय स्टेट बैंक नक्खास खाते से दस बार में 1,41,100 रुपये और पंजाब नेशनल बैंक सिविल कोर्ट शाखा से नौ बार में 69,700 रुपये पार कर दिया। बैंक में शिकायत करने के बाद पीड़ित आनंद प्रकाश ने हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, मूल रूप से हरदोई निवासी तेंदुलकार पाल पारा के हंसखेड़ा स्थित सिंधी कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने बातों में फंसाया। उसके बाद टॉस्क पूरा कराकर रुपये दिए। फिर प्री-पेड टॉस्क बताकर कई बार में 3.19 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# किशोर को सिगरेट पिलाकर बनाया वीडियो, ब्लैकमेल कर ऐंठे लाखों के गहने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित मां ने तालकटोरा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट




**अमृत विचार :** तालकटोरा इलाके में नाबालिग को सिगरेट पिलाकर उसका वीडियो बनाने और फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो नाबालिग दोस्तों ने किशोर को डराकर उससे घर की आलमारी से लाखों रुपये के जेवर निकलवा लिए। जानकारी होने पर पीड़ित मां ने तालकटोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

राजाजीपुरम सेक्टर-13 निवासी पूनम तिवारी के अनुसार 10 दिसंबर 2025 को उनके नाबालिग बेटे के दो दोस्तों ने उसे सिगरेट पिलाकर वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने रुपये और जेवर देने की मांग की तथा मना करने पर मारपीट की धमकी दी। डर के कारण किशोर ने घर की आलमारी के लॉकर से लाखों रुपये के जेवर निकालकर उन्हें दे दिए। कुछ समय बाद जब पीड़िता रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने के लिए कानपुर जाने से पहले लॉकर खोला तो जेवर गायब मिले।

शादी से लौटने के बाद पीड़िता ने बेटे से पूछताछ की तो उसने पूरी घटना बता दी। इसके बाद पीड़िता ने दोनों आरोपियों से बात की, जिस पर उन्होंने जेवर बेच देने की बात स्वीकार कर ली। इसी दौरान आरोपियों ने मौका पाकर पीड़िता का मोबाइल भी चोरी कर लिया और बाद में उसे राह चलते एक युवक को बेच दिया।

जनवरी 2026 में पीड़िता ने एक आरोपी की बहन और बहनोई को बातचीत के लिए घर बुलाया। इस दौरान दोनों आरोपी भी मौजूद थे। परिवार के सामने आरोपियों ने किशोर को ब्लैकमेल कर जेवर लेने की बात स्वीकार की। मोबाइल वापस दिलाने के आश्वासन पर आरोपियों के परिजनों ने अपने मोबाइल गारंटी के तौर पर दे दिए। एक मोबाइल की ऑटो कॉल रिकॉर्डिंग में आरोपी और अन्य लोगों के बीच बातचीत मिली, जिससे वारदात में उनके परिवार के अन्य लोगों की संलिप्तता का भी संदेह हुआ।

पीड़िता के अनुसार 26 जनवरी को इशिका और श्रेया सिंह उनके घर पहुंचीं और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने तालकटोरा थाने में दोनों आरोपियों समेत उनके माता-पिता, नाना, श्रेया और इशिका के खिलाफ रंगदारी, गाली-गलौज और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# हत्या को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में बदला, आरोपी गया जेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 15 वर्षीय चांदनी के शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर ठाकुरगंज पुलिस फॉरेंसिक विशेषज्ञों से राय लेगी। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में तरमीम कर आरोपी पियूष अग्रवाल उर्फ राघव निवासी इल्दे कॉलोनी बालागंज को मंगलवार को जेल भेज दिया है।

ठाकुरगंज मायापुरम निवासी मजदूर गुल्ला की बेटी चांदनी (15) का शव सोमवार सुबह पास ही रहने वाली उमा अग्रवाल के घर में साड़ी के फंदे से पंखे के सहारे लटकता मिला था। उमा के घर चांदनी घरेलू काम करती थी और वहीं रहती थी। घरवालों ने उमा के बेटे पियूष अग्रवाल उर्फ राघव के खिलाफ दुष्कर्म और हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिश्तेदार सुधीर कुमार ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने चांदनी के माता-पिता के बयान दर्ज किए हैं। आरोप है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मांगने पर पुलिस ने और गवाहों का इंतजाम करने के लिए कहा है।

वहीं, इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि पीड़ित परिवारीजन गवाही देने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि चांदनी के शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट आने पर ही स्थिति साफ हो सकेगी। साथ ही विसरा को जांच के लिए भेजा गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में तरमीम किया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में आईटीसी की नकली सिगरेट बेचने के आरोपी। अमृत विचार

# आईटीसी की नकली सिगरेट बेचने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- करीब सात लाख रुपये के सिगरेट के 4480 डिब्बे बरामद

**अमृत विचार:** आईटीसी की नकली सिगरेट बेचने वाले दो दुकानदारों को चौक पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से विभिन्न ब्रांड की 4480 डिब्बे सिगरेट बरामद किए हैं। बरामद माल की कीमत 7 लाख रुपये बतायी जा रही है। मामले में आईपीआर प्रोटेक्शन एनफोर्समेंट कंपनी के मैनेजर टीटू शर्मा ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

एडीसीपी क्राइम किरन यादव ने बताया कि मैनेजर टीटू मथुरा के रहने वाले हैं। उन्होंने तहरीर देकर बताया था कि कुछ दिनों से उन्हें आईटीसी कंपनी की नकली सिगरेट बनाकर बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। उन्होंने पड़ताल की तो पता चला कि तेलीबाग निवासी मो. अरशद और हम्जा बशर सिगरेट बेच रहे हैं। इस जानकारी के बाद चौक व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को लगाया गया।

पुलिस टीम ने पीड़ित मैनेजर को ग्राहक बनकर आरोपियों को सिगरेट का आर्डर दिया। दोनों आर्डर (सिगरेट) के बंडल लेकर मंगलवार को चौक कोनेश्वर चौराहे पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों को पकड़ने के बाद बंडल लेकर सिगरेट की पड़ताल की गई। उसके नकली होने की पुष्टि हो गई। इसके बाद दोनों को पुलिस ने मो. अरशद और हम्जा बशर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बेकाबू पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ






- घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार
- कैंट स्थित सोमनाथ द्वार के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** कैंट थाना क्षेत्र स्थित सोमनाथ द्वार के पास सोमवार देर शाम सड़क पार कर रहे बुजुर्ग सब्जी विक्रेता को सामने से बेकाबू पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में बुजुर्ग को गंभीर हालत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

राजीव नगर सोमनाथ द्वार निवासी कौशल (60) सब्जी विक्रेता थे। बेटे फरदीन ने बताया कि सोमवार देर शाम पिता दूध लेने के लिए सड़क पार जा रहे थे। तभी सामने से आई तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कौशल कई फीट उछलकर सड़क पर सिर के बल गिरे। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक पिकअप छोड़कर मौके से भाग निकला।

घटना को देखकर लोगों की भीड़ लग गई। इस बीच किसी ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कैंट पुलिस ने आनन-फानन में घायल को गंभीर हालत में पास के अस्पताल लेकर पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने कौशल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। कैंट एसओ गुरप्रीत कौर ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# चौकी के पास मोबाइल दुकान के शटर का ताला तोड़कर 45 लाख की चोरी


सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोरी करने के आरोपी। अमृत विचार


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गल्लामंडी चौकी से महज साढ़े तीन सौ मीटर दूर चोरों ने देर रात एक मोबाइल की दुकान का शटर तोड़कर करीब 45 लाख रुपये के मोबाइल और नकदी चोरी कर ली। चोरी में शामिल बाइक सवार तीन चोरों की करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। सोमवार सुबह दुकान खोलने आए मालिक को चोरी की जानकारी हुई। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही अलीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले की छानबीन कर रही है।

जानकीपुरम गार्डेन निवासी अंशिका गुप्ता पत्नी ऋषभ गुप्ता की पुरनिया तिराहा मान लॉन के सामने मार्टिन टाउन नाम से मोबाइल की दुकान है। पीड़िता ने बताया कि वह रविवार रात दुकान बंद कर घर चली गयी थी। सोमवार सुबह अंशिका के पिता दुकान खोलने गए तो उन्हें शटर के दोनों ताले टूटे मिले। वे दुकान के अंदर गए तो सारा सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित पिता ने अंशिका को कॉल कर दुकान में चोरी की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही वह आनन-फानन में दुकान पहुंची।

वहां देखा कि चोरों ने दुकान में रखे 40 से 45 लाख रुपये के मोबाइल फोन और गल्ले में रखे करीब 3.10 लाख रुपये गायब थे। पीड़िता ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने पीड़िता से तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं, पीड़िता ने बताया कि दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। कैमरे की फुटेज में एक बाइक से तीन लड़के रात करीब 2:30 बजे आते दिखाई दिए। चोरों ने दुकान में चोरी करते वक्त दुकान में लगे कैमरों का डायरेक्शन घुमा दिया। जिससे उनकी फोटो न आ जाए। पुलिस ने आसपास के भी कैमरों की फुटेज को कब्जे में ली है।





उमानाथ बली प्रेक्षागृह में आयोजित रंगोत्सव में साथी नृत्यांगनाओं के साथ प्रस्तुति देतीं नेहा सिंह मिश्रा (बाएं) और शेष फन डगमगाओ की प्रस्तुति देते अनुज मिश्रा। (दाएं) अमृत विचार

# नेहा ने छलकाए फाल्गुन के रंग, अनुज ने शेष फन डगमगाओ की दी प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अनुज मिश्र डांस कम्पनी ने मंगलवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में हेरिटेज एवं इंडो जर्मन स्पेक्ट्रम के सहयोग से रंगोत्सव का आयोजन किया। प्रख्यात कथक गुरु पंडित अर्जुन मिश्र के पुत्र पंडित अनुज मिश्रा ने शिष्याओं के साथ शेष फन डगमगाओ के साथ प्रस्तुति दी।

पंडित अर्जुन मिश्र की पुत्रवधू नेहा सिंह मिश्रा ने जब फाल्गुन रंग छलकते हो गीत पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। कैंसर पीड़ित नेहा ने सीनियर ग्रुप के साथ मिलकर कथक एवं कंटेंपरेरी के मेल से मिलकर बना के-2 इन्फिनिटी में प्रदर्शन किया।

अनुज कथक अकादमी के विद्यार्थियों ने पारम्परिक तीन ताल, विलंबित में अच्छा प्रदर्शन किया। नेहा सिंह मिश्रा और उनकी सीनियर छात्राओं ने नारी शक्ति पर अद्भुत प्रदर्शन किया। अंत में कार्यक्रम का समापन मेरे मुर्शीद खेले होली से हुआ जिसमें पंडित अनुज मिश्रा एवं उनकी पत्नी नेहा ने सबको अपने कथक नृत्य से मुग्ध कर दिया। आयोजन में साहित्यकार पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह विशिष्ट अतिथि, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह मुख्य अतिथि रहीं। जर्मनी से आईं प्रसिद्ध लेखिका एवं फाउंडर इंडो जर्मन स्पेक्ट्रम की श्रद्धा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

## सिटी ब्रीफ

### 21वीं रमजान का जुलूस आज

**अमृत विचार, लखनऊ:** मौला-ए-कायनात हजरत अली की शहादत की याद में बुधवार को सुबह रौजा-ए- शबीह नजफ़ रुस्तम नगर से ताबूत का जुलूस निकाला जाएगा। 21वीं रमजान के जुलूस से पहले मौलाना यासूब अब्बास अलविदाई मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद महिलाएं ताबूत को रौजे से उठाकर पुरुषों को सौंप देंगी। जुलूस यहां से निकल कर छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानतुद्दौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला तालकटोरा जाएगा। जुलूस पहुंचने के बाद से पूरे दिन लोगों के कर्बला तालकटोरा पहुंचने का सिलसिला जारी रहेगा।

### मां-बाप के कजा रोजे बड़े बेटे पर वाजिब हैं

**अमृत विचार, लखनऊ:** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर पूछे गये सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। एक रोजेदार ने हेल्पलाइन पर पूछा कि अगर कोई व्यक्ति घर खरीदने की खातिर या किसी अन्य कार्य जैसे हज और जियारत के लिए पैसे जमा करता है, तो क्या उस पर खुम्स देना अनिवार्य है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि साल खत्म होने पर जो भी रकम हो, चाहे वह किसी भी मकसद के लिए रखी गई हो, वह बचत में गिनी जाएगी, इसलिए उस पर खुम्स देना वाजिब है। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई व्यक्ति बीमार है और वह जोहर से पहले ठीक हो जाए, तो क्या वह रोजा रख सकता है? इसके जवाब में बताया गया कि अगर उस व्यक्ति ने कोई ऐसा काम नहीं किया है जिससे रोजा बातिल होता हो, तो वह नियत करके रोजा रख सकता है। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि क्या मां-बाप के कजा रोजे रखना या रखवाना औलाद पर वाजिब है? इसके जवाब में बताया गया कि माता-पिता की कजा नमाज और रोजे रखना बड़े बेटे पर वाजिब है। वह चाहे तो खुद रखे या फिर पैसे देकर किसी और से रखवाए।

# लखनऊ पुस्तक मेला 13 से, लगाए जाएंगे 60 स्टॉल

## रवीन्द्रालय में 10 दिवसीय मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर के रवीन्द्रालय लॉन में 13 मार्च से 10 दिवसीय लखनऊ पुस्तक मेला लगेगा। विजन-2047 थीम पर होने वाली इस मेले में नई किताबों के विमोचन, काव्य समारोह, नाटकों का मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 60 स्टालों वाले इस मेले में मंच पर पुस्तक विमोचन, साहित्य चर्चा, काव्य पाठ, कहानी वाचन, सहित बच्चों एवम् युवाओं के कार्यक्रम और नाटकों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र होंगे। लेखक से मिलिए, कवि सम्मेलन, मुशायरा सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अलग से पंडाल होगा।

मेले के आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने बताया कि 13 मार्च को शाम 5 बजे मेले का उद्घाटन होगा। आयोजन में यूपी मेट्रो रेल सहयोगी है। नई टेक्नालॉजी से छपी पुस्तकों के साथ मेले में डिजिटल टेक्नालॉजी से जुड़े प्रकाशन देखने को मिलेंगे, साथ ही स्टेशनरी, शिक्षकों, स्कूलों के लिए उपयोगी सामग्री के स्टाल होंगे। वंदे मातरम् के डेढ़ सौ वर्षों के उपलक्ष्य में युवा कलाकार 15 फीट कैनवस पर भूपेन्द्र अस्थाना के संयोजन में चित्र उकेरेंगे।

मेले में नए भागीदार अपने साहित्य के साथ वाटर प्रूफ पंडाल के स्टालों में मौजूद होंगे। प्रमुख प्रकाशकों और वितरकों में नेशनल बुक ट्रस्ट, हिन्द युग्म, शुभी पब्लिकेशंस गुरुग्राम, उपकार प्रकाशन, निखिल पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स आगरा, भारतीय कला प्रकाशन, रितेश बुक, अदित्रि बुक सेंटर, बेस्ट बुक्स, त्रिदेव बुक्स, आर्यन बुक, उर्दू के विलायत पब्लिकेशंस नई दिल्ली, ग्रीन पाम दिल्ली, लखनऊ के दिव्यांश पब्लिकेशंस, बोधरस प्रकाशन, रामकृष्ण मठ, बीइंग बुकिश, देवेंद्र बुक्स, नमन प्रकाशन, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान आदि शामिल हैं। दिनकर पुस्तकालय भागलपुर के स्टाल पर पेंगुइन, हार्पर, वेस्टलैंड, राजकमल, वाणी, राजपाल, प्रभाकर प्रभात, पंक्ति व अन्य प्रकाशकों की बेस्ट सेलर्स किताबें भी उपलब्ध होंगी। साथ ही एंजल बुक हाउस रायपुर, शर्मा बुक प्रयागराज, श्रीजी बुक व एनके बुक जयपुर, द बुक ग्लोब सोहना और वैष्णवी बुक्स कानपुर के स्टाल भी होंगे।



लखनऊ पुस्तक मेले की जानकारी देते मनोज सिंह, टी पी हवेलियां व अन्य।

### 10 दिवसीय आवासीय सरल संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से आयोजित 10 दिवसीय आवासीय सरल संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। यह शिविर 10 मार्च से 19 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न जनपदों और राज्यों से आए प्रतिभागी संस्कृत भाषा के व्यवहारिक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. प्रद्युम्न कुमार गुप्ता ने कहा कि संस्कृत भाषा भारत की सांस्कृतिक आत्मा है और इसके संरक्षण तथा प्रसार के लिए ऐसे प्रशिक्षण शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, योजना प्रभारी भगवान सिंह चौहान ने भी जानकारी दी। प्रशिक्षक धीरज मैठाणी, अनिल गौतम तथा प्रशिक्षिका राधा शर्मा एवं पूनम सिंह प्रतिभागियों को संवाद, गतिविधियों और समूह अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। शिविर में उत्तर प्रदेश के 20 से अधिक जनपदों के साथ-साथ उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागी शामिल हुए हैं। काशी, प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर, मेरठ, बरेली, मथुरा, आगरा सहित अनेक जनपदों के प्रतिनिधि सहित पांच प्रदेशों की सहभागिता कर रहे हैं।

# अभी पांच लग्न, फिर एक महीने नहीं हो पाएंगे मांगलिक कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 14 मार्च से एक महीने के लिए मीन खरमास

**अमृत विचार:** मार्च में अभी पांच शुभ लग्न हैं, इसके बाद 14 मार्च से मीन खरमास शुरू हो जाएगा, जिससे 14 अप्रैल तक मांगलिक कार्य नहीं हो पाएंगे। उसके बाद 15 अप्रैल से 12 जुलाई तक 29 विवाह आदि मांगलिक कार्यों के लिए 29 शुभ लग्न हैं।

25 जुलाई को देवशयनी एकादशी के साथ चार महीने के लिए फिर मांगलिक विवाह जैसे मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि 14 मार्च के बाद एक माह के लिए मीन खरमास लग जाएगा। इस अवधि में विवाह जैसे मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। 15 अप्रैल से पुनः विवाह मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरु हो जाएगा। 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद से विवाद और अन्य मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे।



### विवाह के प्रमुख शुभ मुहूर्त

- **मार्च:** 7, 8, 9, 11, 12
- **अप्रैल:** 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29
- **मई:** 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13, 14
- **जून:** 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29
- **जुलाई:** 1, 6, 7, 11, 12
- **नवंबर:** 21, 24, 25, 26
- **दिसंबर:** 2, 3, 4, 5, 6

## सरसवां में ध्वस्त किए मकान, नहीं हटे परिवार

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को जोन-1 अंतर्गत सरसवां में अवैध प्लाटिंग करके बनाए गए चार मकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए। कार्रवाई के दौरान महिलाएं व पुरुष रोते रहे। एक भवन स्वामी कार्रवाई का विरोध करते हुए बेसमेंट में जाकर अंदर से बंद कर लिया, जिसे टीम ने बाहर निकालकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी के नेतृत्व में प्राधिकरण और स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से कार्रवाई गई। देवांश ने बताया कि सरसवां में अखंड प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह और हरिओम नाम के विकासकर्ताओं ने बिना लेआउट पास कराए प्लाटिंक करके भूखंड बेचे। इस पर लोगों ने करीब 34 मकान बना लिए। अवैध निर्माण पर विहित प्राधिकारी न्यायालय से ध्वस्तीकरण के आदेश पारित हुए। इसके खिलाफ मंडलायुक्त में अपील की गई, जो खारिज कर दी। इसके बाद सभी भवन स्वामी ने शासन में अपील की। इसमें 30 मामले विचाराधीन हैं। जबकि जबकि चार भवन की अपील खारिज कर दी गई।

## सिटी डायरी

### सिंधी समाज की सामूहिक आरती झूलेलाल वाटिका में 20 को



मेले के संबंध में पत्रक जारी करते पदाधिकारी।

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिंधी समाज 20 मार्च को झूलेलाल वाटिका में सामूहिक महाआरती का आयोजन करेगा। सिंधी व्यापारियों से भगवान झूलेलाल जयंती पर ग्राहकों को 19 और 20 मार्च को छूट देने की अपील भी की गई है। इस संबंध में पत्रक भी जारी किए गए। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को चेट्टी चंद मेला कमेटी आम सभा की बैठक हुई। इसमें संरक्षक मोहन दास लदानी, मुख्य प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने राजा राम भावनानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, हंस राज राजपाल, राजू जसवानी, सतीश लखमानी, विक्की दयलानी, आनंद खत्री, राम बालानी, नीतेश मध्याह्न, पुलकित राजपाल, कन्हैया लाल चांदवानी, संतोष हिरवानी, जेपी नागपाल, इन्दर कालधी, नीरज राजपाल, सतीश आडवाणी, महेश तलरेजा आदि शामिल रहे।



मौलाना का पुतला लेकर प्रदर्शन करते कारिणी सेना के सदस्य।

### करणी सेना ने जलाया पुतला

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिहार के मौलाना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की थी। इसके विरोध में लगातार संगठन प्रदर्शन कर मौलाना पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सोमवार को कारिणी सेना के अध्यक्ष दुर्गेश और उपाध्यक्ष विकास सिंह की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता अटल चौराहे पर पहुंचे। वहां पुतला लेकर मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पुतले को आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने की मांग की। पुतला जलाते समय अध्यक्ष और उपाध्यक्ष झुलस गए। कार्यकर्ता उन्हें सिवील हास्पिटल ले गए।वहा दोनों का इलाज कराया गया।



बड़ी शीतला देवी मंदिर में पूजन करती महिला।

### आज मनाई जाएगी शीतला अष्टमी

**अमृत विचार, लखनऊ:** चैत्र मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी बुधवार को है। बासी (बसौड़ा) चढ़ाकर माता शीतला की पूजा की जाती है। शीतला अष्टमी के दिन कालाष्टमी व्रत का भी संयोग बन रहा है, जिससे इस तिथि का महत्व और बढ़ गया है। अष्टमी 11 मार्च को देर रात 2:17 बजे तक रहेगी। अष्टमी पर पूजा के लिए प्रातः 6:20 बजे से सायंकाल 6:13 बजे तक का समय अत्यंत शुभ है। इस अवधि में भक्तजन माता शीतला की पूजा-अर्चना कर व्रत रखते हैं और परिवार की आरोग्यता की कामना करते हैं। स्कंद पुराण में माता शीतला का विस्तृत वर्णन मिलता है। माता शीतला अपने हाथों में कलश, सूप, झाड़ू और नीम के पत्ते धारण करती हैं। वह गर्दभ (गधे) की सवारी करती हैं।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते संगठन के पदाधिकारी।

### रैली निरस्त करने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार, लखनऊ:** पुरुष आयोग के गठन की मांग को लेकर निकलने वाली रैली को प्रशासन ने ऐन वक्त पर रोक लगा दी। इस मामले में मंगलवार को आयोजकों ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर नाराजगी जताई। इसमें बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह के नेतृत्व और लवकुश गुप्ता के संयोजन में पारिवारिक न्यायालय कैसरबाग से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली जानी थी। मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल (मर्द) ने भी समर्थन दिया।

नाटक

ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया गया मंचन

# कलयुगी सुदामा में दिखाया जीवन में मित्र ही सच्चा साथी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम एवं नाट्य संस्था रंगयात्रा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला में तैयार नाटक कलयुगी सुदामा का मंगलवार को ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में मंचन किया गया।

नाटक कृष्ण और सुदामा की मित्रता पर आधारित है। जब सुदामा कृष्ण से मिलने जाते हैं और कृष्ण उनके द्वारा लाए गए चावल की दो मुट्ठी खाकर उन्हें दो लोकों का राज दे देते हैं, पर सुदामा को पता नहीं चलता। इसी प्रसंग को आज कलयुग के परिवेश में दिखलाने का प्रयास किया गया है। कृष्ण सुदामा की खातिर करके कुछ समय बाद उन्हें खाली हाथ विदा कर देते हैं। सुदामा सोचते हैं कि कृष्ण ने हमें कुछ नहीं दिया, लेकिन आपने घर पहुंचने पर उनको अपनी कुटिया के स्थान पर महल दिखता है। तब उनकी पत्नी उन्हें बताती हैं कि तुम्हारे जाने के बाद ये सब कृष्ण ने ही आकर हमें दिया है। इस पर सुदामा अपनी पत्नी पर संदेह करते हैं और उसे बुरा भला कहते हैं। तब कृष्ण और राधा आकर उन पर पड़ी माया का पर्दा हटते हैं। सुदामा को अपनी गलती का अहसास होता है वो उनसे क्षमा मांगते हैं।

समाज में मित्र ही मित्र का दुश्मन बनता जा रहा है। मित्र अपने मित्र से जलन करता है और उसे शंकित निगाह से भी देखता है। सुदामा को आज के कलयुगी सुदामा के रूप में दिखा कर आज के परिवेश में ढालने का प्रयास कर दर्शकों को इस नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया है कि मित्र ही जीवन में एक सच्चा साथी होता है। नाट्य प्रस्तुति में पारम्परिक आरती, प्रचलित लोक गीत एवं कवि नरोत्तम दास के छंदों का प्रयोग किया गया है। कथा सुनो मैं कथा सुनाऊं..., भांग की तरंग प्यारी..., सीस पगा न झगा तन पे प्रभु..., द्वार खड़ा दुर्बल एक..., ऐसे बिहाल बिबाइन सो..., देख सुदामा की दीन दसा करुणा करके करुणा निधि रोये..., कुछ भाभी हमको दियो..., सो तुम काहे न देत..., प्रभु की माया कोई न जाने..., दो मुट्ठी चावल खाए तीनों लोक के सुख पहुंचाए..., कान्हां दीनदयालु महिमा भक्तों के रखवारे हैं..., चले श्याम सुन्दर से मिलने सुदामा..., भांग की तरंग प्यारी सब दुःख हर लेती है..., धीरे- धीरे चलो न राधा प्यारी..., काहे कान्हां करत बड़जोरी... जैसे गीतों का अच्छा प्रयोग किया गया।

नाटक में गुरुदत्त पांडेय, उज्जवल सिंह, मुकुल चौहान, संकल्प शुक्ल, प्रेम कुमार, अंशिका सक्सेना, लता वाजपेयी, सुरुचि सक्सेना और निरुपमा राहुल ने सशक्त अभिनय किया।



बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में नाटक कलयुगी सुदामा का मंचन करते कलाकार।

# उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

## यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 12 मार्च को होगी संपन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 18 मार्च से एक अप्रैल तक प्रदेश भर में होगा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं अपने अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का अंतिम प्रश्नपत्र होने के बाद परीक्षाएं सम्पन्न हो जाएंगी। इसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं के समयबद्ध मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू होगी, जिसके लिए बोर्ड की ओर से विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने या शिक्षकों के अनुपस्थित रहने पर बोर्ड की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मूल्यांकन का कार्य आगामी 18 मार्च से एक अप्रैल के बीच किया जाना है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने सभी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करने के निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की लिखित परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए नियुक्त परीक्षक यदि मूल्यांकन कार्य के दौरान अनुपस्थित रहते हैं, तो इसे गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मूल्यांकन कार्य पूरी सतर्कता के साथ कराने के लिए परीक्षकों को मूल्यांकन शुरू होने से एक दिन पहले केंद्र पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। केंद्रों पर अनधिकृत लोगों का प्रवेश रोकने के लिए परीक्षकों को नियुक्ति पत्र और परिचय पत्र जारी किए गए हैं। बिना परिचय पत्र के किसी भी कार्मिक को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### इन विद्यालयों के शिक्षक करेंगे मूल्यांकन

- बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों के मूल्यांकन के लिए राजकीय, एडेड और स्ववित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षकों को अनिवार्य रूप से नियुक्त किया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से एक अप्रैल तक कराया जाएगा।

### प्रदेश भर में बनाए गए 249 केंद्र

- उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेश भर में 249 केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल में 70 अंकों की लिखित परीक्षा के अंतर्गत 20 अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई गई है, जबकि शेष 50 अंकों की परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं पर हुई है।

## सिटी ब्रीफ

### बिहार के मौलाना के खिलाफ छात्रों ने की नारेबाजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में लविवि के छात्रों ने सोमवार को बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मौलाना को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन करेंगे। छात्रनेता कार्तिक पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में लागू गोकशी विरोधी कानून के खिलाफ मुस्लिम समुदाय को भड़काने के उद्देश्य से मौलाना ने ऐसी टिप्पणी की है। छात्रनेता अनुराग तिवारी ने बताया कि पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कर मौलाना की गिरफ्तारी की मांग की गई है। एबीवीपी के प्रवक्ता विकास तिवारी और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी मौलाना पर कार्रवाई की मांग की। छात्रनेता जतिन शुक्ला, शशि प्रकाश और विकास तिवारी ने भी मौलाना के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मशीन लर्निंग और प्रिडिक्टिव एनालिसिस पर हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विज्ञान व नवाचार पर शकुंतला विश्वविद्यायल में शुरु हुई कार्यशाला

**अमृत विचार:** उभरती तकनीकों पर शोध को प्रोत्साहित करने और शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं व विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करने के लिए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में "मशीन लर्निंग एंड प्रिडिक्टिव एनालिसिस यूजिंग कम्प्यूटेशनल साइंसेज" विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ।

मुख्य अतिथि आईआईआईटी के निदेशक डॉ. अरुण मोहन शेरी ने कहा कि आज के दौर में मशीन लर्निंग और प्रिडिक्टिव एनालिसिस जैसे क्षेत्र न केवल तकनीकी विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज की जटिल समस्याओं के समाधान में भी इनकी बड़ी भूमिका है।

मुख्य वक्ताओं के रूप में आईआईटी बीएचयू में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. भास्कर बिस्वास, आईआईआईटी इलाहाबाद में डीन अकादमिक एवं शोध प्रो. तपोब्रत लाहिड़ी, लखनऊ विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत मिश्रा, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर आईईटी लखनऊ व एसोसिएट प्रोफेसर आईआईटी बीएचयू डॉ. उपेंद्र कुमार, एसआरएमएमएल लखनऊ में एसोसिएट प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस डॉ. अनिल कुमार पांडेय ने मशीन लर्निंग और प्रिडिक्टिव एनालिसिस के विभिन्न आयामों पर व्याख्यान दिया।

### भाषा विवि में चला पुस्तक दान अभियान

- अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा भव्य पुस्तक दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सायमा अलीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 21 पुस्तकें विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी को समर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पुस्तकों के असीम महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामदास ने कहा कि पुस्तकें हमारे लिए गुरु का कार्य करती हैं। इसी क्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद इरफान ने पुस्तकों को मानवीय संबंधों से जोड़ते हुए कहा कि पुस्तकें इंसान की सच्ची मित्र होती हैं।

## विजेता




केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई जिला स्तरीय जूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी व अन्य। अमृत विचार

# लविवि के प्रो. राजीव बने रांची विवि के कुलपति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- प्रो. राजीव मनोहर लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में हैं कार्यरत
- लविवि के तीसरे शिक्षक कुलपति का निभाएंगे दायित्व

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यायल के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर राजीव मनोहर को झारखंड के रांची स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000 की धारा 10(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रोफेसर राजीव मनोहर को कुलपति नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी और वे अधिकतम तीन वर्षों तक इस पद पर रहेंगे। तीन दशकों से अधिक के शैक्षणिक करियर में उन्होंने संघनित पदार्थ भौतिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विशेषकर लिक्विड क्रिस्टल और नैनोमैटेरियल कॉम्पोज़िट्स पर उनके शोध कार्य ने उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई है। उन्होंने 400 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित किए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रो. राजीव मनोहर के साथ-साथ दो अन्य वरिष्ठ प्रोफेसर भी वर्तमान में कुलपति के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं। इनमें प्रो. मनोज दीक्षित जो महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति हैं और प्रो. पूनम टंडन जो दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलपति हैं।

# रोचक पुस्तकें पढ़ेंगे परिषदीय विद्यालयों के बच्चे

- पंचतंत्र की कहानियां, बाल साहित्य और मुंशी प्रेमचंद की पुस्तकें होंगी उपलब्ध




**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को पठन-पाठन की संस्कृति से जोड़ने के लिए रोचक पुस्तकें, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक साहित्य से जुड़े कॉमिक्स और पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय में पुस्तकालय खोला जाएगा जिसमें बच्चों की मनपसंद किताबें रखी जाएंगी। शिक्षक बच्चों से पुस्तकों के शीर्षक और उनके पात्रों पर चर्चा करेंगे। पुस्तकालय में बच्चों के लिए कथा-कहानी सीरीज की पुस्तकें, पंचतंत्र की कहानियां, बाल साहित्य, शब्द संग्रह के साथ ही प्रसिद्ध साहित्यकार प्रेमचंद के कहानी संग्रह जैसी पुस्तकें रखी जाएंगी। बच्चों से शिक्षक उनकी पढ़ी गई पुस्तकों पर चर्चा भी करेंगे। इस दौरान बच्चों से किताबों के शीर्षक, पात्रों और उनकी थीम के बारे में सवाल पूछे जाएंगे, जिससे उनकी समझ और अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित हो सके। इस पहल को लेकर विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक कक्षा में लर्निंग कार्नर विकसित किया जाए। लर्निंग कार्नर का प्राथमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी साप्ताहिक रुप से निरीक्षण करेंगे और बच्चों से उनकी पढ़ी गई पुस्तकों पर भी चर्चा करेंगे।

# संविदा पदों के लिए लिखित परीक्षा दो पालियों में संपन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में संविदा पदों के लिए लिखित परीक्षा मंगवार को दो पालियों में संपन्न हुई। यह परीक्षा व्यवसाय प्रशासन, सिविल इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषयों के लिए आयोजित की गई। इन पदों के लिए कुल 170 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 145 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा की पहली पाली सुबह 11:30 बजे से 12:30 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आयोजित की गई।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विकास के मार्गदर्शन तथा उप-परीक्षा नियंत्रक अताउर रहमान के समन्वय में परीक्षा का संचालन सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। परीक्षा नियंत्रक विकास ने बताया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ आयोजित की गई है।

# लविवि में चला एचपीवी टीकाकरण अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज़ द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत 15–26 वर्ष आयु वर्ग के बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की तीसरी व अंतिम डोज प्रदान की गई। इससे पूर्व पहली डोज 30 अगस्त को और दूसरी डोज 30 अक्टूबर को इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज़ द्वारा सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया के सहयोग से गई थी। आज के इस कार्यक्रम के साथ प्रतिभागियों का 0–2–6 माह के निर्धारित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत टीकाकरण पूर्ण किया गया। इस अवसर पर भारत में विकसित एचपीवी वैक्सीन का उपयोग किया गया, जो सर्वाइकल कैंसर सहित कई एचपीवी जनित रोगों की रोकथाम में सहायक है।

## आयोजन | डीएवी डिग्री कॉलेज में आयोजित हो रहा वार्षिकोत्सव

# अभिव्यक्ति–2026 में काव्यपाठ से लेकर मेंहदी के हुए मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। अमृत विचार



शिक्षिका को मेहंदी लगाती छात्रा। अमृत विचार



वार्षिकोत्सव के मौके पर मौजूद पूर्वमंत्री डॉ. अशोक वाजपेयी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीएवी डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति–2026 का शुभारंभ किया गया। जिसके पहले दिन छात्र-छात्राओं ने काव्यपाठ से लेकर वृत्तचित्र, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया तो छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता के मुकाबले भी हुए। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वृत्त चित्र (डॉक्यूमेंट्री) मेकिंग प्रतियोगिता का शीर्षक "भारत के मशहूर स्थानों, त्योहारों, व्यंजनों और नृत्य" रखा गया था। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री जय नारायण मिश्र पी.जी. कॉलेज, लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज, डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज, श्री राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।

स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में लगभग 18 प्रतिभागियों ने अपनी मौलिक कविताओं के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पठन–पाठन में एआई की भूमिका विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में 17 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रकृति से प्रेरित आकर्षक डिज़ाइनों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। पेंट योर ड्रीम प्रतियोगिता में 16 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**प्रतिभागियों को किया जाएगा पुरस्कृत:** कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुधीर कुमार शुक्ला ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम सुरक्षित कर लिए गए हैं। इनकी घोषणा वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन 12 मार्च को की जाएगी। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

- मुख्य अतिथि डॉ. अशोक बाजपेयी, अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रबंधक आनंद मोहन तिवारी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्यकाम आर्य, सुधा शर्मा, पूर्व प्राचार्य डॉ. अंजनी मिश्रा, डॉ. के.के. पांडेय, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी व कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुधीर कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। सभी ने पूर्व प्रबंधक पंडित मनमोहन तिवारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं विशिष्ट उपहार प्रदान कर सम्मानित किया तथा मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कल्याणी दीक्षित द्वारा किया गया।

## सिटी डायरी



अपने मॉडल के साथ सीएमएस के विद्यार्थी।

### सीएमएस ने प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग समारोह का किया आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित प्रोजेक्ट–बेस्ड लर्निंग में छात्रों द्वारा स्वनिर्मित समाजोपयोगी विज्ञान मॉडल व प्रोजेक्ट्स बनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने सी.एम.एस. शिक्षा पद्वति की प्रशंसा की व आभार आभार व्यक्त किया। छात्रों ने जहां एक ओर अपने प्रोजेक्ट एवं विज्ञान माडलों के अन्तर्गत एक्विफर, वर्षा जल संचयन प्रणाली तथा झीलों के माडल बनाकर पारिस्थितिकी तंत्र का प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी ओर पेबल पेंटिंग, लीफ पेंटिंग और स्टोन पेंटिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का अलख जगाया। कक्षा–4 के छात्रों ने 'बिल्डिंग वंडर्स कंस्ट्रक्टिंग ए बिल्डिंग' थीम पर भवनों के थ्रीडी माडलों का प्रदर्शन किया।



स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस के भ्रमण पर आए बच्चे।

### बच्चों ने सीखीं फॉरेंसिक की बारीकियां

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं ने भ्रमण किया। संस्थान में परिभ्रमण पर आए छात्र दल के शिक्षकों को संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के गोस्वामी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निरीक्षक हेमराज मीणा ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। भ्रमण पर आए विद्यार्थी विज्ञान संवर्ग के है जिन्होनें फोरेंसिक विज्ञान की बारिकियों को समझा। छात्रों ने विश्व स्तरीय स्थापित डीएनए लैब तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ड्रोन लैब को देखा। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के गोस्वामी ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जिस दौर से गुजर रहे हैं इस दौर में टेक्नोलॉजी का बहुत महत्व है।



जुलूस निकालते वामपंथी दलों के पदाधिकारी।

### वामपंथी दलों ने किया विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़राइल के आक्रमण के विरोध में सोमवार को लखनऊ में वामपंथी दलों ने विरोध मार्च निकाला। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी–लेनिनवादी) लिबरेशन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। भाकपा (माले) लिबरेशन के जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर, माकपा की जिला सचिव मधु गर्ग, प्रवीन सिंह, भाकपा के रिजवान और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता उदय नाथ सिंह ने साम्राज्यवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की।



डॉ. भारती गांधी के साथ सीएमएस की शिक्षिकाएं।

### महिलाएं ही स्थापित करेंगी विश्व शांति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व शांति मानव जाति द्वारा स्थापित नहीं होगी, विश्व शांति महिलाओं द्वारा स्थापित होगी। जब महिलाएं निर्णायक पदों पर बैठेंगी, तब वे निश्चित ही लड़ाइयों के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी। सीएमएस संस्थापिका निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने एक संगोष्ठी में कहा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी से पूछा गया कि सतयुग आयेगा, तब उन्होंने उत्तर दिया कि जब पुरुषों में स्त्रियोचित गुण आ जायेंगे, तब सतयुग स्थापित होगा।